हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7

बढ़ते भारत की आवाज़





मिल्कियाना®

Balanced Cattle Feed

Presents

डॉ. हिमांशु द्विवेदी

प्रधान संपादक

हरिभूमि, आईएनएच

मा. रामविचार नेताम

कैबिनेट मंत्री- आदिम जाति विकास,
कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी,
मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री

कृषि संवाद

Agriculture Conclave 2026



Saturday, 24 Oct 2026 | Time : 2.00 PM

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

Health Partner

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

चैतन्य देवियों की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र



कसडोल। नवरात्रि के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के चाटीपाली रोड स्थित ज्ञान कमल भवन में चैतन्य देवियों की आकर्षक झांकी सजाई गई है। ध्वनि और प्रकाश के संयोजन से सजी इस झांकी में सांस लेतीं और पलकें झपकातीं देवियों के जीवंत स्वरूप श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। 15 से 20 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम 6 से रात 10 बजे तक आयोजित झांकी में राजयोग साधना के माध्यम से एकाग्रता का संदेश दिया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को भक्ति के साथ आत्मिक शांति और आध्यात्मिक चेतना का अनुभव कराना है। झांकी के बाद 21 अक्टूबर से राजयोग अनुभूति शिविर शुरू होगा। इसके माध्यम से लोगों को राजयोग के अभ्यास, आत्मचिंतन, मानसिक शांति और सकारात्मक जीवनशैली के महत्व से परिचित कराया जाएगा। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, जनपद पंचायत सभापति मोरध्वज पैकरा, प्रवीण ढोमने, देवेंद्र साहू, विनोद चेलक, गोरेलाल पैकरा, मिलु पैकरा तथा बीके सीता दीदी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

चैतन्य देवियों की झांकी में दिखा नारी शक्ति का दिव्य स्वरूप



खरोरा। नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से तिल्दा रोड स्थित प्रभु उपहार भवन, राजीव नगर में पांच दिवसीय चैतन्य देवियों की झांकी सजाई गई है। प्रतिदिन शाम 6 से रात 10 बजे तक श्रद्धालु झांकी का अवलोकन कर रहे हैं। चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से अष्ट शक्तियों की प्राप्ति और आध्यात्मिक गुणों का महत्व भी बताया जा रहा है। झांकी का शुभारंभ सुशीला वर्मा, रोहित वर्मा, ब्रह्माकुमारी उमा दीदी, सावित्री बहन सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रभु उपहार भवन की संचालिका ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी ने बताया कि झांकी का उद्देश्य लोगों को उनके भीतर निहित दिव्य शक्तियों का एहसास कराना है। नियमित राजयोग मेडिटेशन से मन की एकाग्रता बढ़ती है और शांति, पवित्रता, प्रेम व सकारात्मकता जैसे गुण विकसित होते हैं। विभिन्न देवी स्वरूपों के माध्यम से स्थिरता, पवित्रता, आंतरिक शांति और आध्यात्मिक समृद्धि का संदेश दिया जा रहा है।आयोजन के माध्यम से नारी शक्ति के सम्मान के साथ लोगों को नकारात्मक विचारों और दुर्गुणों का त्याग कर सद्गुण अपनाने की प्रेरणा दी जा रही है। संदेश दिया गया कि दिव्य गुण प्रत्येक मनुष्य में विद्यमान हैं, आवश्यकता उन्हें जागृत करने की है।

गांधी चौक, बलौदा बाजार



नवरात्रि महोत्सव की धूम, देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में नवरात्रि महोत्सव की धूम मची हुई है। देवी मां के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों और दुर्गा पंडालों में पहुंच रहे हैं। सुबह से देर रात तक माता के जयकारों से शहर का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन के लिए आ रहे हैं। शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में मां मावली मंदिर (पुरानी बस्ती), मां षष्ठी देवी मंदिर, दुर्गा मंदिर, मां काली मंदिर और मां गायत्री मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं, नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, तहसील कार्यालय, गांधी चौक, पुराना नगर पालिका परिसर, दुर्गा चौक, एमजी रोड, गार्डन चौक और ठाकुर देव चौक सहित विभिन्न स्थानों पर स्थापित दुर्गा पंडाल भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।



पुराना बस स्टैंड, बलौदा बाजार



सराफा लाइन, एम जी रोड, बलौदा बाजार

नवरात्रि के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर आकर्षक साज-सज्जा और धार्मिक आयोजनों के बीच श्रद्धालु माता रानी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। महोत्सव के दौरान जगह-जगह भंडारों का आयोजन भी किया जा रहा है, जहां भक्तों को प्रसाद और भोजन वितरित कर सेवा की जा रही है। नवरात्रि के चलते पूरे शहर में उत्साह और धार्मिक उल्लास का माहौल है।



मां मावली माता मंदिर, पुरानी बस्ती, बलौदा बाजार



ठाकुर देव चौक, पुरानी बस्ती, बलौदा बाजार



नया बस स्टैंड, बलौदा बाजार



दुर्गा चौक, बलौदा बाजार



पुराना नगर पालिका, बलौदा बाजार



गार्डन चौक, बलौदा बाजार

विराजी मां दुर्गा



भाटापारा । महामाया चौक मोपका।



भाटापारा । मध्य नगरी चौक ग्राम मोपका।



बंगोली। ग्राम कुर्रा में शारदीय नवरात्र पर्व के चलते गॉधी चौक एवं गोवर्धन चौक में मॉ दुर्गा की मूर्ति स्थापना किया गया है। पंडा के रुप मे मॉ के अन्नय भक्त संतराम साहू, कामता यादव एवं राजू धीवर ग्राम के बैगा हैं। देवी मंदिरों मे संध्या होते ही महिला जस सेवा समिति गायत्री वर्मा, पार्वती यादव, नवयुवक सेवा समिति के द्वारा जस पचरा गायन कर माता सेवा किया जाता है।

जगह जगह सजे मां दुर्गा के भव्य दरबार



खरोरा। इन दिनों शक्ति उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र पूरे श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। गांवों से लेकर शहरों तक भक्तिमय माहौल बना हुआ है। जगह-जगह मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। आकर्षक सजावट, रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजे पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। खरोरा क्षेत्र में भी नवरात्र पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों और ग्रामों में मां दुर्गा के भव्य दरबार सजाए गए हैं। यहां सुबह-शाम माता की आरती, भजन-कीर्तन, जसगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मां दुर्गा के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु अपने परिवार सहित बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। नवरात्र के अवसर पर जगह-जगह भंडारों का आयोजन भी किया जा रहा है, जहां श्रद्धालु उत्साहपूर्वक पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। माता के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा है। मंदिरों और पूजा पंडालों में सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। इस दौरान अपने परिवार के साथ मां दुर्गा का आशीर्वाद लेने पहुंचे रोहित वर्मा ने कहा, "नवरात्र का पर्व हमारे जीवन में विशेष महत्व रखता है। मां के दरबार में दर्शन करने से आत्मिक शांति और नई ऊर्जा प्राप्त होती है। नवरात्र पर्व के चलते खरोरा क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और उल्लास का माहौल है। श्रद्धा, भक्ति और आस्था से सराबोर श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। चारों ओर गूंजते माता के जयकारों के बीच भक्त मां की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं।

विप्र वाटिका में सजा गरबा महोत्सव, मातृशक्ति ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा

बलौदाबाजार। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर ब्राह्मण समाज मातृशक्ति की ओर से 15 एवं 16 अक्टूबर को विप्र वाटिका में दो दिवसीय भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं और बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा, सुआ और गोपी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। महोत्सव के पहले दिन पारंपरिक गरबा और दूसरे दिन थीम ग्रुप गरबा आयोजित किया गया। इसमें पंजाबी, मराठी, गुजराती, दक्षिण भारतीय, ओडिसी तथा देवी-देवताओं पर आधारित थीम के माध्यम से भारतीय संस्कृति की विविधता देखने को मिली। 10 से 15 वर्ष आयु वर्ग में वामिका शुक्ला प्रथम, मिहिका शुक्ला द्वितीय और नित्या ठाकरे तृतीय स्थान पर रहीं। देवांशी को बेस्ट गेटअप तथा कनिष्का को ऑलराउंडर चुना गया। 15 से 18 वर्ष वर्ग में जीविषा धुरंधर प्रथम, अर्चिता मिश्रा द्वितीय और भव्या मिश्रा तृतीय रहीं। समीक्षा वर्मा को बेस्ट गेटअप और सिया के शेरवानी को ऑलराउंडर का खिताब मिला। महिला वर्ग में नेहा शर्मा प्रथम, अंजली पांडे द्वितीय और मौसमी सोनी तृतीय रहीं। प्रिया कौर चावला को बेस्ट गेटअप तथा हरमन कौर चावला को ऑलराउंडर चुना गया।



थीम गरबा के बाल वर्ग में केरल ग्रुप प्रथम, कश्मीरी ग्रुप द्वितीय और राधा-कृष्ण ग्रुप तृतीय रहा। वेस्टर्न फ्यूजन ग्रुप को ऑलराउंडर पुरस्कार मिला। महिला वर्ग में राजपूताना ग्रुप प्रथम, जय भवानी ग्रुप द्वितीय और कश्मीरी ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। युगल स्वरूप ग्रुप को ऑलराउंडर तथा छत्तीसगढ़ी ग्रुप को बेस्ट गेटअप पुरस्कार प्रदान किया गया। श्याम शुक्ला, नरेंद्र शुक्ला, सुशील तिवारी, संजय पांडे और अभिषेक तिवारी की ओर से विजेताओं को 1100-1100 रुपये की नकद राशि प्रदान की गई। निर्णायक के रूप में अनुराधा श्रीवास्तव, ऋचा द्विवेदी, मीनल साहू और सृष्टि पडवार ने जिम्मेदारी निभाई। आयोजन में ऋचा द्विवेदी, सरस्वती तिवारी, अलका शर्मा, प्रभा तिवारी, श्रद्धा दुबे, स्वाति मिश्रा और सुष्मिता शुक्ला सहित समाज की महिलाओं का विशेष योगदान रहा।

आकांक्षा गोलू जायसवाल ने सात गांवों में किया जनसंपर्क

बलौदाबाजार। जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल ने 16 अक्टूबर को अपने दौरा कार्यक्रम के तहत चरौटी, परसाभदेर, शुक्लाभाठा, भाठागांव, सलौनी, कोलियारी और भरसेला बड़ा में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न चौक-चौराहों और मोहल्लों में पहुंचकर ग्रामीणों से सौजन्य मुलाकात की तथा गांवों की प्रमुख समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। दौरे के दौरान श्रीमती जायसवाल ने विभिन्न पंडालों में विराजित मां दुर्गा, मां सरस्वती और मां महामाया के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उन्नति की कामना की। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने गांवों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं से उन्हें अवगत कराया। श्रीमती जायसवाल ने ग्रामीणों की बातें सुनीं और उनसे चर्चा कर स्थानीय परिस्थितियों की जानकारी ली।



बिठिया में निकली चुनरी यात्रा



खरोरा। खरोरा क्षेत्र के ग्राम असौन्दा और बिठिया में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्मजागरण विभाग, जिला रायपुर ग्रामीण के तत्वावधान में भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चुनरी यात्रा में महिलाओं एवं युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भक्तिभाव के साथ मातारानी को चुनरी अर्पित की। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में तिल्दा खंड के संघचालक सीताराम यादव उपस्थित रहे। वहीं जनपद उपाध्यक्ष तिल्दा के प्रतिनिधि सुरेन्द्र वर्मा सहित भूपेंद्र नायक, कमल साहू, माधव साहू, राजेन्द्र वर्मा एवं अन्य गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं ने मातारानी के प्रति अपनी आस्था और भक्ति प्रकट की। चुनरी यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता देखने को मिली।

नवरात्रि पर सामूहिक कन्या भोज, 80 कन्याओं का पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

ग्राम पंचायत अहिल्दा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में शारदीय नवरात्र के छठ तिथि को देवी आराधना के बीच आस्था और भारतीय संस्कृति की अनूठी झलक देखने को मिली। नवरात्र की षष्ठी पर शाला में सामूहिक कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 80 कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें खीर पूरी का भोजन कराया गया। वहीं दो लंगूर को हनुमान के स्वरूप में इस आयोजन का हिस्सा बनाकर फल खिलाया गया। कार्यक्रम में पहले कन्याओं की पांव धोकर एक साथ पंक्तिबद्ध बैठाया गया। इसके बाद उनकी आरती उतारकर पूजा-अर्चना की गई और कन्या भोज की शुरुआत हुई। स्कूल के प्रधान पाठक अरविंद मिश्रा ने अपने हाथों से कन्याओं को खीर-पूड़ी का प्रसाद परोसा। पूजन के बाद बालिकाओं को मौसमी फल देकर सम्मान किया। प्रधान पाठक अरविंद मिश्रा ने बताया कि नवरात्र के पावन अवसर पर सभी शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं के सहयोग से कन्या भोज आयोजित किया गया. इसमें शाला समिति एवं अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भागीदारी रही। प्रधान पाठक ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के साथ ही उनमें नारी शक्ति के प्रति सम्मान और आदर का भाव विकसित करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं को करीब से समझने का अवसर मिलता है। साथ ही, अभिभावकों की सहभागिता से बच्चों में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति रुचि भी बढ़ती है। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक अरविंद मिश्रा, शालिनी बाजपेई, विश्वनाथ कोसले, संकुल के प्राचार्य चन्द्रसेन पाटले, जनभागीदारी अध्यक्ष डाकेश्वर मानिकपुरी, पूर्वसरपंच प्रतिनिधि रामप्रसाद, मध्यान भोजन संचालिका सुनीता बाई एवं उनके साथी मोहन कोसले उपस्थित रहे।









हरिभूमि

मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
18 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
20

11 सौ साल पुराने मंदिर में विराजी हैं मां चितावरी देवी

राकेश श्रीवास ⏭ सिमगा

शिवलिंग के अवशेषों को चितावरी देवी के स्वरूप में पूजते हैं ग्रामीण

बलौदाबाजार जिले के विकासखंड सिमगा के धोबनी गांव में लगभग 8 वीं से 9 वीं शताब्दी के बीच निर्मित एक मंदिर हैं, जो वस्तुतः शिव मंदिर है, लेकिन इसी मंदिर में प्रतिमाओं के अवशेष को माता का स्वरूप मानकर ग्रामीण पूजा करते आ रहे हैं। इसी देवी को चितावरी देवी का नाम दिया गया है। माता के प्रति लोगों की आस्था ऐसी है कि नवरात्रि में यहां भव्य मेला लगता है।

ग्रामीणों की मांग है कि मंदिर के जीर्णोद्धार व पेंटिंग के साथ अहाता निर्माण होना चाहिए, जिससे मंदिर का प्राचीन स्वरूप बना रहे। साथ ही तालाब एवं खाली स्थान पर सुंदर गार्डन का निर्माण होना चाहिए।

ताकि नवरात्रि में आने वाले भक्तों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था हो सके। यहां यह बताना जरूरी है कि मंदिर के सामने ही लगभग 100 साल से भी ज्यादा समय से मवेशी बाजार लगते आया है, जहां अंचल के किसान अपने मवेशियों की अदला बदली तथा मवेशियों की खरीदी बिक्री करते आए हैं।



जीर्णोद्धार की बाट जोह रहा प्राचीन मंदिर

यह मंदिर प्राचीन होने के साथ ही ऐतिहासिक धरोहर है। इस मंदिर से हजारों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है लेकिन शासन प्रशासन की उदासीनता के चलते यह मंदिर अपनी पहचान खोते जा रही है। इस ऐतिहासिक धरोहर को संजोने स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों द्वारा अनेक बार शासन व पर्यटन विभाग से मांग की गई लेकिन कुछ हासिल नहीं हुआ। आज भी यह ऐतिहासिक मंदिर अपनी पुरानी पहचान को तरस रही है।।

8वीं-9वीं शताब्दी का प्राचीन शिव मंदिर बना चितावरी देवी धाम

चितावरी मंदिर कबीर अनुयायियों की नगरी दामाखेड़ा के समीप ही धोबनी गांव में 2 किलोमीटर की दूरी पर एक पुराने तालाब के किनारे स्थित है। चितावरी देवी मंदिर एक प्राचीन ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल है। यह मंदिर मूल रूप से भगवान शिव को समर्पित एक शिव मंदिर था। इसके गर्भगृह में एक विशाल पत्थर की योनि और शिवलिंग स्थापित था। जिसे बाद में यहां स्थानीय लोगों ने शिवलिंग के अवशेषों पर सिंदूर लगाकर और इसे सजाकर चितावरी देवी के रूप में पूजना शुरू किया। जो बाद में चितावरी देवी के नाम से प्रसिद्ध हो गया। इस प्राचीन मंदिर की खोज 1970 के दशक के उत्तरार्ध में हुई। यह मंदिर लाल ईंटों और पत्थरों से एक ऊंचे चबूतरे पर बना है। यह ताराकृति शैली का एक सुंदर उदाहरण है। मंदिर के पास ही एक प्राचीन मानव-निर्मित तालाब स्थित है जिसे स्थानीय लोग देवता तालाब के नाम से जानते हैं।

नवरात्रि विशेष



सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

समस्या : गड्ढे और उखड़ी गिट्टियां राहगीरों व वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रही

जगह-जगह गड्ढे, रोजाना सैकड़ों लोग जोखिम उठाकर कर रहे सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

कसडोल से सिरपुर जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बदहाली के आंसू बहा रहा है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और गिट्टियां बाहर निकल आई हैं। जर्जर सड़क से गुजरना राहगीरों और वाहन चालकों के लिए किसी खतरे से कम नहीं है। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़क की मरम्मत को लेकर कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है, या फिर सीएम के सड़क मार्ग से गुजरने के बाद ही इस सड़क की सुध ली जाएगी? कसडोल-सिरपुर मार्ग क्षेत्र के ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों के लिए आवागमन का महत्वपूर्ण रास्ता है। प्रतिदिन सैकड़ों लोग इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन सड़क की बदहाल स्थिति के कारण हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दिन के समय गड्ढों से बचकर निकलना मुश्किल है, वहीं रात में सड़क की स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग विशेष रूप से जोखिम भरा बना हुआ है। वर्षा ऋतु के दौरान भी लोगों को इस सड़क से गुजरने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सड़क पर बने गड्ढे और उखड़ी गिट्टियां आवागमन में बाधा बन रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग पर आए दिन राहगीरों के दुर्घटनाग्रस्त होने की स्थिति सामने आती रहती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की उदासीनता दूर नहीं हो रही है।

मरम्मत कार्य की गुणवत्ता पर सवाल

स्थानीय स्तर पर यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या सड़कों की मरम्मत के लिए किसी वीआईपी दौरे का इंतजार किया जाता है? स्थानीय सूत्रों के अनुसार, हाल ही में शिवरीनारायण में मुख्यमंत्री के सड़क मार्ग से आवागमन की जानकारी मिलने के बाद वहां की जर्जर सड़कों पर जल्दबाजी में मरम्मत कार्य कराए जाने की चर्चा रही। स्थानीय जागरूक नागरिकों ने भी मरम्मत कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। यदि वीआईपी आवागमन की सूचना मिलते ही सड़कों की मरम्मत संभव है, तो आम जनता की रोजमर्रा की परेशानियों को दूर करने के लिए ऐसी तत्परता क्यों नहीं दिखाई जाती? कसडोल-सिरपुर मार्ग की बदहाली ने लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।





कसडोल की अन्य प्रमुख सड़कें भी बदहाल

सिर्फ कसडोल-सिरपुर मार्ग ही नहीं, बल्कि कसडोल नगर की मुख्य सड़क पर गुरुघासीदास चौक से हड़हापारा चौक तक कई स्थानों पर सड़क की स्थिति बेहद खराब बताई जा रही है। इसी तरह कसडोल से बलार चौक होते हुए बया मार्ग पर भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन मार्गों की खराब स्थिति से स्थानीय नागरिकों और आसपास के गांवों के लोगों को रोजाना जूझना पड़ रहा है। सड़कें किसी भी क्षेत्र की बुनियादी सुविधा का महत्वपूर्ण हिस्सा होती हैं। इनके खराब रहने से न केवल आवागमन प्रभावित होता है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। इसके बावजूद सड़कों की मरम्मत में हो रही देरी को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

तत्काल मरम्मत नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी

स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से कसडोल–सिरपुर मार्ग सहित नगर और आसपास की जर्जर सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सड़क की स्थिति को लंबे समय तक नजरअंदाज करना आम जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित विभाग की होगी। अब देखना यह है कि लोक निर्माण विभाग आम जनता की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए समय रहते सड़क की मरम्मत कराता है या फिर किसी बड़े हादसे अथवा वीआईपी दौरे के बाद ही विभाग की नींद टूटेगी।

74.70 लाख रुपए के 6 विकास कार्यों को मिली स्वीकृति



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

नगर पंचायत पलारी परिषद की बैठक में नगर के विकास और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार से जुड़े छह कार्यों के दरों को स्वीकृति प्रदान की गई। इन कार्यों पर कुल 74.70 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। बैठक में सड़क, पेयजल, शैक्षणिक संस्थानों की मरम्मत और अन्य जनहितकारी मुद्दों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव एवं कसडोल विधायक संदीप साहू की अनुशंसा तथा डीएमएफ और 15वें वित्त आयोग मद से स्वीकृत कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए परिषद ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने पर सहमति जताई। इसके अलावा श्रद्धांजलि योजना के प्रकरणों और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भवन अनुज्ञा संबंधी मामलों को भी स्वीकृति दी गई।

नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि नगर का विकास परिषद की प्राथमिकता है। स्वीकृत कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए उन्हें समय पर पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने के लिए परिषद प्रतिबद्ध है। बैठक के दौरान सेवा संकल्प के तहत विभिन्न स्कूलों में आयोजित रंगोली, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्षद लेखु वर्मा, नेमसिंह बांधे, नारायण धीवर, लुकेश्वरी निषाद, कुमार धीवर सहित अन्य पार्षद एवं नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

इन कार्यों पर होगा खर्च

स्वीकृत कार्यों में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला की 5 लाख रुपये से मरम्मत तथा शासकीय प्राथमिक शाला के 6 लाख रुपये से मरम्मत एवं संधारण का कार्य शामिल है। वार्ड क्रमांक-2 स्थित ठाकुर देव चौक में 9.95 लाख रुपये की लागत से शेड निर्माण होगा। वहीं, वार्ड क्रमांक-12 में जनपद कार्यालय से लकड़िया मोड़ तक 13.34 लाख तथा यादव समाज सामुदायिक भवन से नौका विहार तक 9.39 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड बनाई जाएगी। इसके अलावा नगर के विभिन्न स्थानों पर 31.02 लाख रुपये से पाइपलाइन विस्तार किया जाएगा।

खबर संक्षेप

इलदा में राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता कल

खरोरा। ग्राम इलदा में उज्ज्वल युवा समिति की ओर से 19 अक्टूबर, सोमवार को रात 8 बजे से छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। नवरात्रि के अवसर पर होने वाली प्रतियोगिता में ग्रुप, कपल और सोलो डांस की प्रस्तुतियां होंगी। विजेताओं को 21,001 से 1,550 रुपये तक के पुरस्कार दिए जाएंगे। कार्यक्रम में गुरु दीदी प्रियंका, वेद राम मनहरे और आलोक पांडे मुख्य अतिथि होंगे। आयोजन संयोजक निशांत शर्मा, धनेश साहू और भगवानी साहू हैं।

जिले में वित्तीय समावेशन शिविर 21 से

बलौदाबाजार। भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के निर्देशानुसार 21 अक्टूबर 2026 से 31 दिसम्बर 2026 तक जिले की समस्त ग्राम पंचायतों एवं शहरी स्थानीय निकायों में वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। वित्तीय समावेशन की प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत आमजन को बैंकिंग सुविधाओं एवं शासन की विभिन्न वित्तीय योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किये जाएंगे। पीएमजेजेबीवाय पीएमजेजेबीवाय, पीएमएसबीवाय, ेएपीवाय, पीएम जेडीवाय, केसीसी, सी -केवाईसी री केवायसी सहित विभिन्न योजनाओं के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने, पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कराने तथा आमजन को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने के लिए विशेष गतिविधियां संचालित की जाएगी।

खदान में डूबने से अधेड़ की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

ग्राम कोटियाडिह निवासी सेवक साहु पिता नानकु साहू 50 वर्ष का शुकवार शाम को 6 बजे अपनी बाईक से अमलीडीह, बरपाली के पत्थर खदान तरफ शराब पीने के लिए गया हुआ था और रात्रि में जब घर नहीं पहुंचा तो परिजनों द्वारा खोजबीन किया गया परंतु कोई पता नहीं चल पाया। शनिवार सुबह स्नान करने पहंचे ग्रामीणों ने बरपाली और अमलीडी के बीच नाला के पास पत्थर खदान में अमलीडीह सीमा पर 50 वर्षीय सेवक साहु पिता नानकु साहू की लाश खदान पर तैरते हुए देखा गया। घटना की जानकारी आसपास के लोगों को होने पर भारी संख्या ग्रामीणजन पहुंचे हुए थे और घटना जानकारी मृतक की परिजनों को दिया गया। मौकै पर पहुंचे परिजनों द्वारा घटना की जानकारी गिधौरी पुलिस थाना में दिया गया और घटना स्थल पर गिधौरी पुलिस पहुंचकर मृतक की शव को खदान से बाहर निकाला गया। शव की पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां शव की पोस्टमार्टम कराकर परिजनों कै सौप दिया गया है और मृतक सेवक साहू की खदान में डुबने की कारण अब तक अज्ञात है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कारण का पता चल पायेंगा। फिर हाल गिधौरी पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।





वोट चोरी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, सीईसी का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

कथित वोट चोरी और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी ने ब्लॉक अध्यक्ष रवि बंजारे के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। इस दौरान नगर के साईं मंदिर चौक पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस जवानों के बीच झूमाझटकी भी हुई। कांग्रेस ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित अन्य नेताओं के साथ कथित धक्का-मुक्की और गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने मतदाता सूची की शुद्धता, प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा तथा चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही विपक्षी नेताओं के विरुद्ध कथित राजनीतिक प्रतिशोध और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। प्रदर्शनकारी ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे, लेकिन उनके अनुसार सूचना देने के बावजूद कोई जिम्मेदार अधिकारी ज्ञापन लेने नहीं पहुंचा। इससे नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर चक्काजाम कर धरना शुरू कर दिया। इसके चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात घंटों प्रभावित रहा। बाद में प्रशासन की ओर से प्रतिनिधि के पहुंचने पर प्रदर्शनकारियों ने चक्काजाम समाप्त किया। प्रदर्शन में पूर्व जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा, लोकेश कन्नौजे, नंदेश्वर साहू, पीताम्बर साहू, ऋषि साहू सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अन्य लोग शामिल रहे।



छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति और आधुनिक फ्यूजन का दिखा अनूठा संगम

गरबा महोत्सव, हजारों कदमों की थिरकन से गूंजा मैदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

शारदीय नवरात्र की भक्ति, संगीत और उल्लास के बीच तिल्दा के दुर्गा बाड़ा में आयोजित गरबा महोत्सव अब पूरे रंग में रंग चुका है। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव के तीसरे दिन हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। जैसे-जैसे रात गहराती गई, वैसे-वैसे गरबा खेलने वालों का उत्साह बढ़ता गया। पारंपरिक परिधानों में सजे प्रतिभागियों के एक साथ घूमते कदम, डांडिया की खनक और जोशीले गीतों की धुन ने पूरे मैदान को उत्सव के रंग में सराबोर कर दिया।

आयोजन के पहले दिन से ही उमड़ रही भीड़ को देखते हुए आयोजकों ने गरबा खेलने के लिए बनाए गए घेरे का आकार बढ़ा दिया है। इस महोत्सव की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि तिल्दा-नेवरा के अलावा भाटापारा, रायपुर और धमतरी से भी प्रतिभागी यहां पहुंचकर मां दुर्गा की आराधना के साथ गरबा का आनंद ले रहे हैं।





रात करीब 10 बजे तक गरबा खेलने वाले प्रतिभागियों का मैदान में पहुंचना जारी रहता है। आयोजन स्थल पर दो सर्किल बनाए गए हैं, जिनमें प्रतिभागी अनुशासन के साथ अपनी जगह लेते हैं। आयोजकों की सीटी बजते ही सभी प्रतिभागी अलर्ट हो जाते हैं और फिर शुरू होता है गरबा का जोशपूर्ण दौर। करीब दो लाख वाट के साउंड सिस्टम और डीजे की दमदार धुनों के बीच जब 'अंबे मां पधारो, ज्योत जगाओ रे' और 'ढोलिडा' जैसे गीत गूंजते हैं, तो पूरा मैदान भक्तिभाव और उत्साह से भर उठता है। आरती संपन्न होने के बाद गरबा का पहला राउंड शुरू होता है। लगभग आधे घंटे तक चलने वाले इस दौर में एक के बाद एक पारंपरिक गरबा गीत बजते हैं और प्रतिभागी अपनी लय, ताल तथा आकर्षक स्टेप्स से दर्शकों का ध्यान खींचते हैं।

नन्हे प्रतिभागियों ने भी जीता दिल

गरबा महोत्सव में बच्चों की प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। नन्हीं प्रतिभागियों पीहू कोटवानी, डिवीजा खूबचंदानी और डीवी बालचंदानी ने छत्तीसगढ़ी रीमिक्स की धुन पर गरबा कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। उनकी प्रस्तुति पर लोगों ने उत्साह बढ़ाया और दोबारा नृत्य देखने की मांग की। आयोजन मंडल के आयुष कोटवानी, अनुष्का गिलानी, रानी कोटवानी, सेजल पंजवानी और कोयल नहिचलानी सहित अन्य सदस्य गरबा सर्किल में प्रतिभागियों के प्रदर्शन पर नजर रखते हैं। बेहतर तालमेल, आकर्षक स्टेप्स और शानदार प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागियों को मंच पर बुलाकर पुरस्कृत भी किया जाता है। इससे प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ रहा है और हर राउंड में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रतिस्पर्धा दिखाई दे रही है।

21 सौ से अधिक स्टील और रिंगदार कड़े जब्त



बलौदाबाजार। जिले भर में नवरात्रि पर्व को पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। इसी क्रम में थाना सुहेला पुलिस टीम द्वारा प्रसिद्ध सुहेला दुर्गा मेला परिसर में विशेष सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। नवरात्र पर्व के दौरान दुर्गा मेला परिसर में उमड़ने वाली भारी भीड़ और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुहेला पुलिस ने असामाजिक गतिविधियों व संभावित अप्रिय घटनाओं की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत मेला परिसर में आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखी गई।

इस दौरान कुछ लोगों द्वारा हाथों में धारण किए गए भारी स्टील एवं रिंगदार कड़े-चूड़े के संबंध में एहतियाती कार्रवाई की गई थाना सुहेला पुलिस टीम द्वारा नवरात्रि पर्व के 06 दिनों में विशेष अभियान चलाकर लगभग 2,100 नग स्टील एवं रिंगदार कड़े-चूड़े जब्त किए गए हैं। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य मेले में आने वाली महिलाओं, बच्चों, श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को पूरी तरह सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण माहौल प्रदान करना है।

खबर संक्षेप



नयापारा में आयुष स्वास्थ्य शिविर, 175 मरीजों की हुई जांच

बलौदाबाजार। संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के निर्देश एवं जिला आयुष विभाग बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में 17 अक्टूबर को आयुष्मान आरोग्य मंदिर डमरू की ओर से ग्राम पंचायत भवन नयापारा में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत आयोजित शिविर में ऑस्टियोआर्थराइटिस, मस्क्युलोस्केलेटल डिसऑर्डर, व्योमित्र स्क्रीनिंग तथा गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की जांच की गई। शिविर में कुल 175 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर किया गया। शिविर में वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं शिविर प्रभारी डॉ. एलएस ध्रुव, आयुष चिकित्सक डॉ. विवेक वर्मा और डॉ. नेकदत्त बरतामसी सहित स्वास्थ्यकर्मियों ने सेवाएं दीं। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि धीरेंद्र घृतलहरे, फार्मासिस्ट सावित्री योगी, योगेंद्र गेंडरे, मनोज जांगड़े, त्रिलोक कुमार यादव, सुशील जायसवाल, भारत साहू, मितानिन प्रशिक्षिका लता निषाद, बसंती ध्रुव, अतोंशी विश्वकर्मा, संतोषी गोस्वामी, मीना बंजारे, चंद्रकली साहू तथा रोजगार सहायक रमेश यादव उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं आयुष चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

जुआ खेलते 12 जुआरी गिरफ्तार

खरोरा। खरोरा पुलिस ने जुआ खेल रहे आरोपियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर ताश पत्ती से दांव लगा रहे 12 जुआरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है, जबकि मामले में फरार चल रहे पूर्व उपसरपंच को भी पुलिस ने धरदबोचा है।पुलिस बल ने चारों तरफ से घेराबंदी कर जुआ खेल रहे 12 आरोपी गोलू यादव, राजा साहू, डिगेश्वर वर्मा, मूलचंद साहू, शत्रुघन वर्मा, नारायण चंद्राकर, दीपक मानिकपुरी, अभय सिंह, राजू सोनी, भावसिंह, एस. राज, खिलेश्वर वर्मा और उमेश साहू (पूर्व उपसरपंच) को रंगे हाथ पकड़ लिया। विवेचना के दौरान मामले में फरार चल रहे ग्राम सारागांव के पूर्व उपसरपंच उमेश साहू की पतासाजी कर उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से जुए की रकम 18 हजार रुपये नगद जप्त किए। सभी आरोपियों के खिलाफ विधिवत कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया है।

पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा मनाएगा शरद पूर्णिमा महोत्सव

भाटापारा। शरद पूर्णिमा पावन अवसर पर 25 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा के पेंशनरों द्वारा शरद पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत सम्मान, भक्ति संगीत एवं सरस काव्य गोष्ठी का कार्यक्रम सुभाष बाजार स्थित पेंशनर भवन में रखा गया है जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित करने वाले श्री अरुण छाबड़ा (बंटी) का भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ राज्य का सदस्य मनोनीत किए जाने पर, परिचय मिश्रा का 20वें एशियन गेम्स कुराश जापान में निर्णायक के रूप में आमंत्रित किए जाने एवं कन्हैया साहू अमित को 2026 राज्य शिक्षक पुरस्कार से अलंकृत किए जाने पर संघ द्वारा सम्मानित किया जावेगा। उसके बाद नगर के भजन गायकों के साथ पेंशनरों द्वारा भजनों की मधुर प्रस्तुति दी जाएगी।

निधन

पप्पू मानिकपुरी

बलौदाबाजार। ग्राम सोनाडीह



निवासी पप्पू मानिकपुरी का शुक्रवार निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

25 दिन से बारिश नहीं, धान की फसल पर संकट, नहर जाम होने से सिंचाई बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसींवां

सरसींवा अंचल में पिछले 20 से 25 दिनों से बारिश नहीं होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। तेज धूप और गर्मी से खेतों की नमी सूखने लगी है तथा धान की फसल पर संकट मंडराने लगा है।

अंचल के किसानों ने बताया कि बड़ी मेहनत से अपनी धान की फसल को कीट, पतंगों से बचाई है लेकिन पानी की कमी, अवर्षा से अकाल को नकारा नहीं जा सकता। यदि एक सप्ताह के अंदर बारिश नहीं हुई तो 50 से 70 फीसदी फसल झुलस कर मर जाएगी। बारिश नहीं होने से किसानों को काफी नुकसान तो हो रहा है ऊपर से पूरी मेहनत और किए खर्च पर पानी फिर जाएगा। वहीं सरसींवा तहसील से लगे ग्राम चकरदा में जलाशय होने के बावजूद नहर जाम होने से किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है।

इससे करीब 30 एकड़ धान की फसल प्रभावित होने की आशंका है। चकरदा के किसानों के अनुसार नहर में मिट्टी जमा होने और चुहरी खार मार्ग पर बने पुल के नीचे पानी का प्रवाह बाधित होने से खेतों तक जलाशय का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। धान की बालियां निकलने के समय फसल को पर्याप्त पानी की जरूरत है, लेकिन बारिश नहीं होने और सिंचाई की व्यवस्था बाधित होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन के बाद भी समाधान का इंतजार



कलेक्टर जनदर्शन में दिया आवेदन, फिर भी समाधान का इंतजार

नहर की सफाई, मरम्मत और पुल के नीचे जमा मिट्टी हटाने की मांग को लेकर किसान पूर्व में जिला कलेक्टर, सारंगढ़-बिलाईगढ़ के जनदर्शन में आवेदन दे चुके हैं। इसके बावजूद किसानों का कहना है कि अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। एक ओर बारिश की बेरुखी और दूसरी ओर जलाशय का पानी खेतों तक नहीं पहुंचने से किसानों के सामने धान की फसल बचाने की चुनौती खड़ी हो गई है। प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग - किसान तालाब, डबरी और अन्य जल स्रोतों से पानी की व्यवस्था कर फसल बचाने का प्रयास कर रहे हैं। किसानों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित सिंचाई विभाग से नहर की तत्काल सफाई और मरम्मत कराने, पुल के नीचे पानी का प्रवाह सुचारू करने तथा चकरदा जलाशय का पानी खेतों तक पहुंचाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो उनकी सालभर की मेहनत पर पानी फिर सकता है।

एक माह से अंधेरे में ग्रामीण, गलियों से गुजर रहे दंतैल हाथी

बार में 1 माह से सोलर पावर प्लांट ठप ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

विकासखंड अंतर्गत अभ्यारण्य क्षेत्र के ग्राम बार में स्थापित 25 किलोवाट का सोलर पावर प्लांट पिछले एक माह से खराब पड़ा है। इसके बावजूद अब तक सुधार नहीं होने से ग्रामीणों को अंधेरे में रात गुजारने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों से बार-बार गुहार लगाने के बाद भी ग्रामीणों को केवल आश्वासन मिल रहा है। व्यवस्था में सुधार नहीं होने से अब ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्राम बार सहित आसपास का क्षेत्र वन एवं वन्यजीवों की मौजूदगी के लिए जाना जाता है। यहां ग्रामीणों का जीवन जंगल और वन्यप्राणियों के बीच सह-अस्तित्व पर निर्भर है। क्षेत्र में हाथियों का विचरण लगातार बना रहता है। हाथियों के खेतों में घुसने और आबादी क्षेत्र तक पहुंचने की घटनाएं ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय हैं। ऐसे में गांव की स्ट्रीट लाइटों का बंद होना खतरे को और बढ़ा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, हाल ही में दो दंतैल हाथी ग्राम बार की गलियों से होकर घुप्प अंधेरे में गुजर चुके हैं। रात के समय गांव में रोशनी नहीं होने से हाथियों की गतिविधियों का पता लगाना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा अन्य जंगली जानवरों के गांव की ओर आने पर भी खतरा बना रहता है। ऐसे हालात में सोलर प्लांट का लंबे समय तक बंद रहना ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर रहा है।

हादसे की आशंका के बीच जिम्मेदारों की चुप्पी, अंधेरे में गुजर रहे दंतैल हाथी, ग्रामीणों की सुरक्षा पर सवाल



अधिकारी को भेजा संदेश, अब सुधार का इंतजार

ग्राम बार में सोलर प्लांट की खराबी को लेकर बलौदाबाजार के क्रेडा अधिकारी अनिल बिंझवार से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इसके बाद समस्या से संबंधित जानकारी व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी गई है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार विभाग इस समस्या को कितनी गंभीरता से लेता है और ग्रामीणों को अंधेरे से राहत दिलाने के लिए कब तक आवश्यक सुधार कार्य कराया जाता है। ग्रामीणों की मांग है कि सोलर पावर प्लांट की खराबी को तत्काल दूर कर विद्युत आपूर्ति बहाल की जाए, ताकि घरों और गलियों में रोशनी लौट सके तथा वन्यजीवों की आवाजाही के बीच ग्रामीणों को रात के समय सुरक्षित महसूस हो सके।

65 घरों के 100 परिवार और 15 स्ट्रीट लाइटें प्रभावित

जानकारी के अनुसार, ग्राम बार में सौर ऊर्जा से विद्युतीकरण के लिए 25 किलोवाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट की स्थापना वर्ष 2016-17 में भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से डीडीजी योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा ग्राम विद्युतीकरण परियोजना के तहत की गई थी। इस संयंत्र से 65 घरों में रहने वाले लगभग 100 परिवारों और गांव की 15 स्ट्रीट लाइटों को विद्युत आपूर्ति का लक्ष्य रखा गया था। परियोजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के कार्यपालन अभियंता द्वारा किया गया था। सौर ऊर्जा व्यवस्था का उद्देश्य ऐसे दूरस्थ एवं अभ्यारण्य क्षेत्र के गांवों तक बिजली की सुविधा पहुंचाना है, जहां सामान्य विद्युत व्यवस्था उपलब्ध कराना चुनौतीपूर्ण है। लेकिन प्लांट में खराबी आने के बाद एक माह से व्यवस्था ठप होने से ग्रामीणों को इस सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

10 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन



हिरमी रावन/सुहेला। प्रदेश में विकास कार्यों को गति देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुथरौद में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा की स्वीकृति से 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और गांव के विकास को नई गति प्राप्त होगी।

सीसी रोड निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने से ग्राम पंचायत कुथरौद के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। सड़क निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत मिलने की उम्मीद है। यह कार्य क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मोहन वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार, जनपद सदस्य उमा अनंत, आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनुपम अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, मंडल महामंत्री युगल किशोर वर्मा, महामंत्री रामकुमार साहू, बूथ अध्यक्ष वंदना बंजारे, सरपंच तारण दास, उपसरपंच रेखा गायत्री वर्मा एवं रेमन अनंत सहित पंचायत के पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने के लिए कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से गांव में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी तथा ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा।

जल संसाधन विभाग उप संभाग गिरौदपुरी में किया गया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

जल संसाधन विभाग जोंक नहर उप संभाग गिरौदपुरी में सेवा संकल्प के समापन अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष कुसुम पैकरा एवं कटगी मंडल अध्यक्ष अंजीव जायसवाल ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया।

पौधारोपण पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पेड़-पौधे न केवल हमें शुद्ध हवा प्रदान करते हैं, बल्कि प्रकृति एवं जल संतुलन को बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे कार्यक्रमों से लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है और प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरणा मिलती है। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा देना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। पौधारोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करना भी आवश्यक है, ताकि वे बड़े होकर पर्यावरण को लाभ पहुंचा सके। उक्त कार्यक्रम में जनपद पंचायत कुसुम पैकरा एवं कटगी मंडल अध्यक्ष अंजीव जायसवाल, जवाहर पटेल दुशासन प्रधान कुम्हारी सरपंच, जवाहर पटेल एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत फिट इंडिया सत्र का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में ''सेवा संकल्प अभियान'' के अंतर्गत 15 अक्टूबर 2026 को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम एवं योग भवन, बलौदाबाजार में फिट इंडिया सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में बैडमिंटन एवं रस्साकसी तथा योग भवन में मल्लखम्भ की खेल गतिविधियाँ आयोजित की गईं। आयोजन में विभिन्न खेल विधाओं के लगभग 100 से 200 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर खेल अधिकारी प्रीति बंछोर बिजौरा ने बताया कि ''सेवा संकल्प अभियान'' का उद्देश्य आम नागरिकों को केन्द्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना तथा प्रत्येक परिवार की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विकसित भारत-2047 के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित खिलाड़ियों एवं प्रतिभागियों ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने तथा केन्द्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का सामूहिक संकल्प लिया। साथ ही, फिटनेस, खेल एवं स्वस्थ जीवनशैली को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया गया।



सेवा सेतु से समय पर मिला जाति प्रमाण पत्र,

बलौदाबाजार। सेवा सेतु के माध्यम से नागरिकों को शासकीय सेवाओं का समयबद्ध एवं सुगम लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में तहसील कार्यालय सिमगा के सेवा सेतु केंद्र से भानु सोनकर को अपनी पुत्री नानिया सोनकर का जाति प्रमाण पत्र समय पर प्राप्त हुआ, जिससे उनकी पुत्री की छात्रवृत्ति के लिए आवेदन निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो सका। भानु सोनकर ने अपनी पुत्री नानिया सोनकर का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सेवा सेतु तहसील कार्यालय, सिमगा में आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन के पश्चात उन्हें समय पर जाति प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया। इससे छात्रवृत्ति के लिए आवश्यक प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी करने में आसानी हुई। भानु सोनकर ने समय पर प्रमाण पत्र उपलब्ध होने और शासकीय सेवाओं की सहज प्रक्रिया के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सेवा सेतु के माध्यम से समय पर आवश्यक दस्तावेज मिलने से विद्यार्थियों एवं उनके परिवारों को काफी सुविधा मिल रही है। सेवा सेतु के माध्यम से शासन की मंशा के अनुरूप नागरिकों को आवश्यक शासकीय सेवाएं सरल, सुगम एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।



नेत्र जांच शिविर में 119 लोगों का हुआ परीक्षण

हिरमी रावन। अल्ट्राटेक सीएसआर हिरमी द्वारा श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल रायपुर के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ संयंत्र के मानव संसाधन प्रमुख मनोज यादव, एडमिन हेड रंजीत मैनवाल, चिकित्सा प्रमुख डॉ शैलेन्द्र यादव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । शिविर में कुल 119 लोगों की नेत्र जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में नेत्र विशेषज्ञों डॉ तुलसी भारती के साथ शैलेन्द्र सिंघी, अरुण सिंह, ग्लैडशान बघेल, मोहनिस पटेल, टाकेश्वर, नटराज श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल रायपुर द्वारा लोगों की आँखों की जाँच कर नेत्र स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही, आँखों की नियमित जांच कराने, नेत्र संबंधी समस्याओं को नजरअंदाज न करने तथा समय पर उचित उपचार लेने के प्रति जागरूक किया गया।



मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण: 1 जनवरी 2027 से नए पंजीकरण

बलौदाबाजार। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के संदर्भ में छत्तीसगढ़ राज्य में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। इस पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य किसी भी कारण से मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाये छूटे हुए पात्र नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं और पहली बार मतदाता बनने वाले नागरिकों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करना है। पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 2 नवंबर 2026 तक, मतदान केंद्रों का युक्तिकरण,12 नवंबर 2026 तक, प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची का प्रकाशन, 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज, 28 दिसंबर तक दावों और आपत्तियों का निराकरण, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा। आवेदन प्रक्रिया एवं डिजिटल सेवाएं- नया नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 (प्रवासी मतदाताओं के लिए 6A), नाम हटाने या आपत्ति दर्ज कराने के लिए फॉर्म-7 तथा संशोधन, स्थानांतरण व दिव्यांग चिन्हांकन के लिए फॉर्म-8 भरा जाएगा। नागरिक मतदाता सेवा पोर्टल या मोबाइल ऐप के जरिए घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मतदाता पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल करके जानकारी प्राप्त कर सकते है।

ग्रामीण कलाकारों, युवाओं और बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मिलेगा अवसर

भूमिपूजन व लोकार्पण में शामिल हुए शिवरतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने ग्रामीण अधोसंरचना और शिक्षा के क्षेत्र में एक साथ महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्राम टिकूलिया में बनने वाले रंगमंच निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया, साथ ही ग्राम पंचायत बेन्दरी में सीसी रोड एवं नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन तथा प्राथमिक शाला में नवनिर्मित प्रार्थना शेड का लोकार्पण भी बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ग्रामीणजन, महिलाएं, युवा वर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिवरतन शर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सर्वप्रथम सभी को शारदीय नवरात्रि के पंचमी दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि ग्रामीण अधोसंरचना को सुदृढ़ करना एवं शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गांवों का विकास ही प्रदेश के विकास की असली नींव है और इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भाटापारा विधानसभा के प्रत्येक गांव में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक सुविधाओं को निरंतर बढ़ाया जा रहा है। ग्राम टिकूलिया में रंगमंच के लिए भूमिपूजन कर शिवरतन शर्मा ने कहा की प्रस्तावित रंगमंच के निर्माण से गांव की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई मिलेगी। यह रंगमंच ग्रामीण कलाकारों, युवाओं और बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक स्थायी और सम्मानजनक मंच प्रदान करेगा। वहीं ग्राम पंचायत बेन्दरी के कार्यक्रम को सम्बोधित कर कहा की गांव में बनने वाली सीसी रोड ग्रामीणों के लिए आवागमन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। अब बच्चे तेज धूप, बारिश और ठंड के मौसम में भी बिना किसी बाधा के प्रार्थना सभा, खेलकूद और अन्य शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। इस अवसर पर सरपंच टिकुलिया अजय साहू, सरपंच बेंदरी गायत्री लोकनाथ वर्मा, मथुरा यदु, महाबल बघेल, जागेश्वर ध्रुव, पीलू वर्मा, रोहित वर्मा, ज्योति खोरबाहर ध्रुव, नंद कुमार ध्रुव, सरद ध्रुव, मलेच्छ वर्मा, धुरसिंग ध्रुव, सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता, ग्रामवासी बड़ी संख्या में दोनों ग्रामों में उपस्थित रहे।



